# रंगपंचमी पर करीला में लगेगा मेला

**खास बातें**
- वर्ष में एकबार रंगपंचमी पर खुलती हैं गुफा
- देशभर से रंगपंचमी पर करीला पहुंचेंगे लाखों श्रद्धालु
- माँ जानकी दरबार करीला में मन्नतें पूरी होने पर कराते हैं राई

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज 6 मार्च, प्रसिद्ध करीला के प्राचीन मंदिर में माता जानकी जी अपने पुत्र लवकुश जी के साथ विराजमान है. साथ में महर्षि वाल्मीकि जी भी विराजमान हैं. रंगपंचमी पर रविवार को करीला धाम में आयोजित मेले में जंगल में मंगल का दृश्य साकार होगा. रंगपंचमी पर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र सहित देशभर से लाखों श्रद्धालु करीला पहुंचेंगे. तथा माता जानकी जी मंदिर में दर्शन करेंगे.**



**वर्ष में एक बार गुफा खुलने का रहता है इंतजार**

यहां पर एक गुफा भी है. जो वर्ष में एक बार रंगपंचमी पर खोली जाती है. यह गुफा माता जानकी जी के मंदिर के पास में ही हैं. जो वर्ष में एक बार रंगपंचमी पर 24 घंटे के लिये खोली जाती है. रंगपंचमी पर पूजा, अर्चना के उपरांत गुफा खोली जाती है. तथा परंपरा के अनुसार रंगपंचमी पर इस गुफा में एक लकड़ी भी डाली जाती है. लोग रंगपंचमी पर इस पवित्र गुफा के दर्शन भी करते हैं.

इस दौरान रंगपंचमी पर वर्ष में एक बार खुलने वाली गुफा के दर्शन भी होंगे. प्रसिद्ध करीला के माता जानकी दरबार में मन्नतें पूर्ण होने पर श्रद्धालु राई कराते हैं. रंगपंचमी पर करीला में माता जानकी जी के दरबार में रातभर देश के कई हिस्सों से आई नृत्यांगनाओं द्वारा राई बधाई नृत्य की प्रस्तुति दी जावेगी.

लोगों की आस्था का केन्द्र करीला धाम सिरोंज से करीब 45 किमी की दूरी पर अशोकनगर एवं विदिशा जिले की सीमा पर स्थित है. यहां पर पहाड़ियों पर माता जानकी जी का पावन दरबार है. यह दरबार बर्षो से लोगों की आस्था एवं विश्वास का केन्द्र है.

**क्या है राई लोकनृत्य**

राई एक लोकप्रिय लोकनृत्य है. इस लोकनृत्य में परंपरा से यह नृत्य घूंघट की ओट में होता है. यह नृत्य चकरी प्रधान हैं. राई में नृत्यांगनाओं द्वारा आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति देकर नृत्य को सुंदर बनाने की कोशिश की जाती है. साथ में वाद्ययंत्र बजाने वालों द्वारा पारंपरिक वाद्ययंत्र के मनभावन संगीत के साथ राई गीत आदि की प्रस्तुति दी जाती है. वहीं नृत्यांगनाओं की आकर्षक वेशभूषा में नृत्य करने की शैली लोगों को मंत्रमुग्ध कर देती है.

इस दरबार में देश के विभिन्न हिस्सों से लोग आकर अपनी मनोकामनाऐं करते है. तथा लोक मान्यता के अनुसार मन्नतें पूरी होने पर माता जानकी जी के दरबार में राई नृत्य कराते हैं. रंगपंचमी पर हर बर्ष यहां एक विशाल मेले का आयोजन होता है. जिसमें देशभर से लाखों श्रद्धालु पहुँचते हैं. यहां पर प्राचीन मंदिर में माता जानकी जी के साथ लवकुश जी, वाल्मीकि जी विराजमान है.

## सेल्समैन से गले पर छुरी रखकर नकदी मोबाइल लूटा

**सलामतपुर.** नेशनल हाइवे-146 पर देर रात पैदल घर जा रहे पेट्रोल पंप के सेल्समैन के साथ मोटरसाइकिल से आए तीन बदमाशों ने गले पर छुरी रखकर लूट की वारदात को अंजाम दिया. लुटेरे पंप कर्मचारी से 25 हजार 800 रुपए नगद और मोबाइल फोन लूट कर ले गए. फरियादी रविकांत शाक्य ने अपने दोस्त रिंकू कुशवाह के साथ कार से लुटेरों का पीछा भी किया लेकिन लुटेरे भोपाल की ओर भाग गए. वारदात की जानकारी मिलते ही सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने थाने के सामने बेरिकेडिंग कर दी.

## 2 दिन में बकाया राशि जमा नहीं की तो होगी कुर्की

**एसडीएम ने किया निरीक्षण**

**बेगमगंज, 6 मार्च. कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार एसडीएम सौरभ मिश्रा ने राजस्व वसूली अभियान के अंतर्गत सभी 13 मैरिज गार्डन, 10 पेट्रोल पंप एवं एक निजी आरओ वॉटर सप्लाई प्लांट सहित निर्माणधीन यूनानी हॉस्पिटल भवन का औचक निरीक्षण किया गया.**

एसडीएम ने बताया कि राजस्व वसूली अभियान के अंतर्गत सभी मैरिज गार्डन एवं पेट्रोल पंप संचालकों से भूमि उपयोग अनुसार डायवर्सन की राशि जमा कराई गई. जिनका




बकाया है या जो डिफाल्टर है, उन्हें चेतावनी दी गई कि अपनी बकाया राशि दो दिन के अंदर जमा करें. पालन नहीं किए जाने की दशा में संपत्ति की जब्ती एवं कुर्की की कार्रवाई की जाएगी.

इसके अतिरिक्त उन्होंने नगर पालिका परिषद के पास वॉटर सप्लाई करने वाले एक आरओ प्लॉट का निरीक्षण किया. उन्होंने संचालक को साफ-सफाई रखने एवं गर्मी के मद्देनजर पानी में निर्धारित मापदंड के अनुसार मिनरल एवं क्लोरीन का उपयोग किए जाने के निर्देश दिए ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो सके.

## राज्यमंत्री ने खेली कीचड़ की होली

**दिलीप अहिरवार ने समर्थकों संग जमकर मनाया त्यौहार**

**छतरपुर, 6 मार्च.** छतरपुर जिले की चंदला विधानसभा से विधायक और मध्यप्रदेश सरकार में राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार इस बार होली के रंग में पूरी तरह रंगे नजर आए. उन्होंने पारंपरिक रंग-गुलाल के साथ अनोखे अंदाज में कीचड़ की होली खेलकर लोगों का ध्यान



आकर्षित किया. होली के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री अहिरवार अपने समर्थकों और साथियों के साथ कीचड़ में उतरकर होली खेलते दिखाई दिए. इस दौरान उन्होंने एक-दूसरे पर कीचड़ और रंग लगाकर त्योहार की खुशियां साझा कीं. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और समर्थक भी मौजूद रहे. मौके पर ढोल-नगाड़ों और होली गीतों के बीच पूरा माहौल उत्सवी बना रहा.

लोग नाचते-गाते और एक-दूसरे को रंग लगाते नजर आए. मंत्री के साथ कीचड़ की होली खेलते हुए कई वीडियो और तस्वीरें भी सामने आई हैं, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं.

## दुष्कर्म पीड़िता का परिवार एफआईआर के लिए भटका

- मंत्री शिवराज सिंह से लगाई गुहार
- अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा. 6 मार्च. शहर में हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां दुष्कर्म पीड़िता का परिवार एफआईआर दर्ज कराने के लिए भटकता रहा. गुरुवार को रवींद्रनाथ टैगोर संस्कृति भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान यह मामला अचानक चर्चा में आ गया, जब पीड़ित परिवार ने मंच से संबोधित कर रहे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को बीच में टोककर अपनी बात रखने की कोशिश की.**

कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने पहले परिवार को बाहर ले जाने का प्रयास किया, लेकिन केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उन्हें मंच के पास बुलाकर पूरी बात सुनी. पीड़ित परिवार ने बताया कि तीन युवकों ने उनके घर में घुसकर उसकी साली के साथ दुष्कर्म किया और विरोध करने पर मारपीट भी की. पीड़ित के अनुसार, जब उसकी पत्नी घर पहुंची तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की. परिवार का आरोप है कि घटना के बाद वे सिविल लाइन थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन



देर रात तक उनकी एफआईआर दर्ज नहीं की गई. पीड़ित ने यह भी बताया कि उनके घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में आरोपी साफ तौर पर दिखाई दे रहे हैं, इसके बावजूद पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की गई. मामला सामने आने के बाद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तत्काल संज्ञान लेते हुए पीड़ित परिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय भेजा. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ित की शिकायत पर तुरंत एफआईआर दर्ज की जाए और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. घटना सामने आने के बाद प्रशासनिक और पुलिस महकमे में भी हलचल मच गई है और पूरे मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है. उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है. आशंका जताई जा रही है कि वह घटना के बाद भागने की कोशिश कर रहा था. परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने में देरी की. इससे नाराज होकर पीड़िता के परिजनों और स्थानीय लोगों ने हंगामा किया. बाद में पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया.

**मासूम के साथ अधेड़ ने की रेप करने की कोशिश**

विदिशा के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक 12 साल की नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है. आरोप है कि 45 वर्षीय सुरेश ने इस घटना को अंजाम दिया. घटना के बाद आरोपी छत से गिरकर घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है. जानकारी के अनुसार, आरोपी ने नाबालिग को सब्जी देने के बहाने अपने घर बुलाया था। घर के अंदर उसने नाबालिग से दुष्कर्म करने की कोशिश की. उसने शोर मचाना शुरू कर दिया. नाबालिग की आवाज सुनकर उसका बड़ा भाई मौके पर पहुंच गया. उसने अपनी बहन को आरोपी के चंगुल से बचाया.

## नया ट्रैक्टर खरीदने की खुशी मातम में बदली

**भीषण सड़क हादसे में मासूम सहित तीन की दर्दनाक मौत**

**नवभारत न्यूज**
**गुना, 6 मार्च. का. गुना जिले से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहाँ खुशियों की उम्मीद लेकर घर से निकले एक परिवार के तीन सदस्यों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई.**




धरनावदा थाना क्षेत्र के झागर के समीप शुक्रवार दोपहर हुए इस भीषण एक्सीडेंट ने पूरे इलाके को दहला दिया. हादसा उस वक्त हुआ जब एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर चार लोग नया ट्रैक्टर खरीदने के लिए फतेहगढ़ से गुना की ओर आ रहे थे.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा निवासी मुकेश भील (25 वर्ष), शंकरलाल भील (45 वर्ष), नन्हा दीपक भील (7 वर्ष) और बाबूलाल (28 वर्ष) शुक्रवार को बेहद उत्साहित थे. परिवार ने नया ट्रैक्टर खरीदने का मन बनाया था और उसी के सौदे के लिए चारों एक ही बाइक पर सवार होकर गुना शहर के लिए निकले थे.

दोपहर लगभग 2:30 बजे जैसे ही उनकी बाइक धरनावदा थाना क्षेत्र के झागर के पास पहुँची, संकरे रास्ते पर उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर स्लिप हो गई. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी.

## खेत तालाब योजना की राशि में फर्जीवाड़ा

**नवभारत न्यूज**
**टीकमगढ़/ खरगापुर, 6 मार्च. खेत तालाब योजना की राशि को ग्राम रोजगार सहायक खुमानलाल अहिरवार द्वारा फर्जी मस्टर के जरिए धोखाधडी पूर्वक निकाल लेने का मामला खरगापुर विधानसभा क्षेत्र की एक ग्राम पंचायत से निकलकर सामने आया है.**

इस मामलें में पीड़ित पक्ष ने मुख्यालय पर आकर जिला प्रशासन से लिखित में शिकायत दर्ज कराई है. शिकायत में पीड़ित पक्ष ने ग्राम रोजगार सहायक खुमानलाल अहिरवार के खिलाफ




जांच कर कार्यवाही की मांग की है. शिकायतकर्ता पठराई ग्राम निवासी अर्जुन तनय मुन्न वंशकार आयु 38 वर्ष जनपद पंचायत बल्देवगढ़ क्षेत्र ने शिकायत करते हुए बताया कि आवेदक अनपढ़ कृषक निर्धन व्यक्ति है. जिसमें आवेदक द्वारा काम किया गया था और आवेदक को वर्ष 2024 में मूलक कार्य खेत तालाब योजना का लाभ दिया गया था.

**जनपद सीईओ ने नहीं की कार्रवाई**

शिकायतकर्ता ने आवेदन देते हुए बताया कि वह पूर्व में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बल्देवगढ़ के समक्ष लिखित में आवेदन दिया था और कलेक्टर टीकमगढ़ एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टीकमगढ़ के समक्ष लिखित में आवेदन दिया. जिस पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई और न ही आवेदक को उसकी उक्त योजना अनुसार राशि प्रदान की गई है.

**एक नजर में**




### शिविर में छात्रों ने किया 400 यूनिट रक्तदान

**सीहोर.** वीआईटी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सहायक उपाध्यक्ष कादंबरी एस विश्वनाथन के जन्मदिवस के अवसर पर हमीदिया अस्पताल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का शुभारंभ कुलपति डॉ. सतीश कुमार मोध, उपकुलपति डॉ. टीबी श्रीधरन, कुलसचिव केके नायर, डीन फैकल्टी अफेयर्स डॉ. देबाशीष अधिकारी, डॉ. अनुराग गुप्ता, डॉ. विनोद भट्ट द्वारा किया गया. शिविर में विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने कुल 400 यूनिट रक्तदान कर समाज सेवा की उत्कृष्ट मिसाल प्रस्तुत की. रक्तदान करने वाले सभी प्रतिभागियों को उनके सराहनीय योगदान के लिए प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के आयोजन में एनएसएस इकाई के समर्पित स्वयंसेवकों का योगदान रहा, जिन्हें डॉ. विनोद भट्ट का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ.

### एक माह दुनिया से दूर रहेंगे धीरेन्द्र शास्त्री

**छतरपुर.** सनातन धर्म के प्रचारक और धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री एक बार फिर आध्यात्मिक साधना के लिए विशेष निर्णय लेने जा रहे हैं. उन्होंने बताया है कि आगामी मई महीने में वे करीब एक माह तक पूरी तरह एकांतवास में रहेंगे और इस दौरान किसी भी प्रकार के संपर्क से दूर रहेंगे. इस अवधि में वे न तो बागेश्वर धाम में मौजूद रहेंगे और न ही किसी प्रकार की कथा, दिव्य दरबार या सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित होंगे. उन्होंने कहा कि यह समय पूरी तरह



साधना और आत्मिक साधनाओं को समर्पित रहेगा. जानकारी के अनुसार वे बद्रीनाथ धाम के आसपास स्थित बर्फीले और दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में जाकर एकांत साधना करेंगे. यह साधना गुरु की आज्ञा से की जा रही है, जिसका उद्देश्य आध्यात्मिक रूप से स्वयं को अधिक अनुशासित और मजबूत बनाना बताया जा रहा है. इस दौरान वे पूरी तरह संपर्क से बाहर रहेंगे.

### वर्ल्ड रिकॉर्ड में चुनी गई पुस्तक प्रणव

**कुरवाई.** कुरवाई क्षेत्र में पदस्थ आदर्श शिक्षक शिक्षक प्रमोद चौहान ने पुस्तक अर्ध समवृत्त छंद प्रणद 2048 में अपने नवीन छंद लिखकर मैजिक बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है.पूर्व सैनिक एवं आदर्श शिक्षक प्रमोद सिंह चौहान जो की शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नवाचार के लिए जाने जाते हैं उनके द्वारा अब लेखन कार्य में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई जा रही है. श्री चौहान के द्वारा नव प्रस्तावित अर्ध समवृत्त छंद प्रणद 2048 नामक पुस्तक में अपने नवीन छंद लिखकर मैजिक बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया गया है.इससे पूर्व श्री चौहान की पुस्तक अरदास भी मैजिक बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में चयनित हो की गई है. मैजिक बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के सीईओ सीपी यादव डॉ राजेन्द्र सैनी और डॉ कोमल शर्मा द्वारा श्री चौहान को प्रणद पुस्तक के लिए सम्मानित किया गया.

### गायब युवक का पहाड़ी पर मिला शव

**छतरपुर.** छतरपुर जिले के लवकुशनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरद्वारपुर में होली के दिन से लापता एक युवक का शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई. युवक को पहाड़ी पर पड़े होने की सूचना मिलने के बाद परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है. मृतक की पहचान मुकुंद यादव उर्फ बालमुकुंद (26 वर्ष) के रूप में हुई है. वह अविवाहित था और सागर में एक व्यापारी के यहां ट्रक चालक का काम करता था. परिवार में शादी और होली का त्योहार होने के कारण वह कुछ दिनों के लिए अपने गांव आया हुआ था. परिजनों के अनुसार होली के दिन दोपहर के समय बालमुकुंद गांव के बाहर सड़क किनारे बैठा हुआ था.

## नि :शुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 से

**नवभारत न्यूज**
**बैतूल, 6 मार्च. शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में नि:शुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च 2026 से प्रारंभ होंगे.**

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च 2026 निर्धारित की गई है. आर.टी.ई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रारूप एवं निर्देश उपलब्ध कराये गए हैं. निजी विद्यालय में नि:शुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन, ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 2 अप्रैल 2026 को किया जायेगा. संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों में निशुल्क प्रवेश के लिए समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है. साथ ही सभी जिला कलेक्टरों एवं संबंधित अधिकारियों को विस्तृत निर्देश भी प्रदान किए गए हैं. समय-सारणी एवं दिशा निर्देश आर.टी.ई. पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं. सत्र 2026-27 के लिए जारी समय सारिणी के अनुसार, नि:शुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट्स का पोर्टल पर प्रदर्शन 09 मार्च 2026 से किया जाएगा.

## सेमरखेड़ी स्टेशन पर सुविधाओं की कमी

**नवभारत न्यूज**
**बीना, 6 मार्च. भोपाल रेल मंडल के डीआरएम पंकज त्यागी बीना के सेमरखेड़ी रेलवे स्टेशन पर निरीक्षण के दौरान पहुंचे. जहां ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों के साथ पहुंचकर विभिन्न समस्याओं को लेकर डीआरएम को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करने की मांग की है.**

जनपद सदस्य पप्पू सेन, आगासौद सरपंच पप्पू आदिवासी सहित सरपंच संघ ने मांग की है कि सेमरखेड़ी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को बुनियादी सुविधाओं के अभाव का सामना करना पड़ रहा है. स्टेशन पर पैदल पुल न होने के कारण यात्री रेलवे ट्रैक पार कर दूसरी ओर जाने को मजबूर हैं,



ज्ञापन में बताया गया कि करीब 10 से 12 गांवों के लोगों के लिए यह एक ही रास्ता है, आसपास के विद्यार्थियों सहित ग्रामीण सेमरखेड़ी स्टेशन से मुंगावली, अशोकनगर, गुना, बीना,विदिशा,भोपाल रोजाना अपडाउन करते हैं, ऐसे में उन्हें परेशानी होती है. बारिश के समय तो लोगों को कीचड़ में से होकर गुजरना पड़ता है,ग्रामीणों ने सड़क बनाने की मांग की है. सरपंच संघ बीना ने मांग की है कि सेमरखेड़ी रेलवे स्टेशन पर जोधपुर-भोपाल-जोधपुर ट्रेन का स्टॉपेज था,लेकिन कोरोना काल से बंद ट्रेन का पुन: स्टॉपेज करने की मांग की है, साथ ही भोपाल-ग्वालियर इंटरसिटी, साबरमती एक्सप्रेस ट्रेनों का भी स्टॉपेज किया जाए.

जिससे उनकी जान हर रोज जोखिम में पड़ रही है. यात्रियों को रेल पटरी पार कर एक तरफ से दूसरे तरफ जाना पड़ता है. कई बार बीच ट्रैक पर ट्रेन खड़ी हो जाती है और यात्रियों को ट्रेन के नीचे से निकल कर दूसरे प्लेटफ़ॉर्म जाना पड़ता है, जिससे किसी भी समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है. सेमरखेडी स्टेशन पर 4 से 5 रेल पटरी निकली हुई है, एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफॉर्म जाने के लिए पैदल पुल की अति आवश्यकता है. यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता है. सरपंच संघ बीना ने मांग की है कि ग्राम आगासौद से सेमरखेड़ी रेलवे स्टेशन तक का करीब तीन किमी का रास्ता बहुत ही खराब है.

**आयोजन** | **परिक्रमा के साथ संपन्न हुआ पांच दिवसीय होली महोत्सव**

## वेदांत के हुरियारों से गूंज उठीं ब्रज की कुंज गलियां

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा, 6 मार्च. ब्रजभूमि वृंदावन की परिक्रमा उस समय एक चलती-फिरती होरी बन गई, जब नगर के वेदांत आश्रम एवं संत जगन्नाथ दास संस्कृत विद्यालय के संस्थापक और जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी डॉ रामकमलाचार्य वेदान्तीजी महाराज राधा-कृष्ण का हाथ पकड़कर भक्तों के साथ राधे-श्याम के जयघोष, उड़ते अबीर-गुलाल और पुष्प वर्षा के बीच 12 किलोमीटर की परिक्रमा में निकले.**

वेदान्तीजी महाराज के सानिध्य में भक्ति वेदांत मंदिर के पांच दिवसीय होली महोत्सव का




आनंद और उल्लास के बीच समापन हुआ. मार्ग भर ब्रज के हुरियारों ने अबीर-गुलाल और पुष्प वर्षा से स्वागत किया, जबकि ब्रज गीतों की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए.

सुनरख रोड स्थित श्रीजी पुरम के भक्ति वेदांत मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय होली महोत्सव के समापन पर अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु वृंदावन परिक्रमा के लिए एकत्रित हुए.ढोल-मंजीरे और करताल की धुन पर राधे-राधे के जयघोष के साथ श्रद्धालु संकीर्तन करते हुए आगे बढ़ते रहे.परिक्रमा मार्ग में अनेक स्थानों पर ब्रज के हुरियारों ने रंग-गुलाल उड़ाकर और पुष्प वर्षा कर परिक्रमा वासियों का स्वागत किया. ब्रज की कुंज गलियों में अबीर-गुलाल उड़ता नजर आया और भक्तजन होरी के पद गाते हुए भक्ति के रंग पूरी परिक्रमा के दौरान डीजे पर बज रहे ब्रज और होली के गीतों ने उत्साह को और बढ़ा दिया.श्रद्धालु अबीर-गुलाल उड़ाते हुए गीतों की धुन पर झूमते रहे, जिससे पूरा वातावरण ब्रजरंग और आनंद से भर उठा. परिक्रमा के दौरान काशी से आई मां विंध्यवासिनी नृत्य नाटिका झांकी एवं इवेंट्स ग्रुप के कलाकारों ने अपनी मनोहारी प्रस्तुतियों से भक्तों को भाव-विभोर कर दिया. कलाकारों ने राधा-कृष्ण की विविध लीलाओं की झलक प्रस्तुत करते हुए भजनों की मधुर धुन पर नृत्य किया.

**पहले फूलों की होली और हुआ था होलिका दहन**

इससे पूर्व भक्ति वेदांत मंदिर में भव्य फूलों की होली का आयोजन हुआ था, जिसमें लगभग दस कुंटल पुष्पों की वर्षा के बीच श्रद्धालु भक्तिरस में डूब गए थे. रात्रि में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से होलिका दहन भी संपन्न हुआ, जिसमें भक्तों ने अधर्म और अहंकार के दहन का संकल्प लिया.

## कॉलेज जाने निकली छात्रा 6 दिन से लापता

**छतरपुर.** छतरपुर में कॉलेज के लिए घर से निकली 18 वर्षीय बी.फार्मा छात्रा पिछले छह दिनों से लापता है. छात्रा 28 फरवरी 2026 की सुबह घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी. परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए सिविल लाइन पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है. पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर छात्रा की तलाश में जुटी हुई है. जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सटई रोड इलाके में किराए के मकान में रहने वाली छात्रा कृष्ण यूनिवर्सिटी में बी.फार्मा की पढ़ाई कर रही है. वह रोज की तरह 28 फरवरी को सुबह करीब 8 बजे कॉलेज जाने की बात कहकर घर से निकली थी.